[This question paper contains 8 printed pages.]

**Sr. No. of Question Paper : 490** **G** **Your Roll No................**

Unique Paper Code : 241592

Name of the Paper : FINANCIAL MANAGEMENT

Name of the Course : **B.Com.**

Semester : V

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 75

**Instructions for Candidates**

1. Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.
2. Attempt **all** questions.
3. **All** questions carry equal marks.
4. Answers may be written either in English or Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।
2. सभी प्रश्न कीजिए ।
3. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
4. इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी या हिंदी किसी एक भाषा में दीजिए, लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

1. (a) Briefly discuss major financial decisions with which a finance manager is confronted ? (8)

   (b) The role of finance manager has evolved over time ? Discuss. (7)

**OR**

(a) What is an annuity ? Give three examples of an annuity. (5)

(b) Why time value of money is important in financial decision making ? (5)

(c) X financed a car by taking a loan of Rs. 4,00,000 at 10% p.a. The loan is to be repaid in four equal annual installments starting from the end of the first year. Calculate the amount of equal annual installment. (5)

(क) वित्त-प्रबंधक को जिन प्रमुख वित्तीय निर्णयों को झेलना पड़ता है उनकी संक्षेप में विवेचना कीजिए ।

(ख) वित्त प्रबंधक की भूमिका में समय के साथ विकास हुआ है । विवेचन कीजिए ।

**अथवा**

(क) वार्षिकी क्या होती है ? वार्षिकी के तीन उदाहरण दीजिए ।

(ख) वित्तीय निर्णयन में मुद्रा का समय-मूल्य क्यों महत्त्वपूर्ण होता है ?

(ग) X ने 10% प्रति वर्ष की दर से 4,00,000 रु. का ऋण लेकर कार का पैसा चुकाया । यह ऋण प्रथम वर्ष की समाप्ति से शुरू करके चार बराबर की किस्तों में वापस करना है । बराबर की वार्षिक किस्त की राशि का परिकलन कीजिए ।

2. A company is considering to purchase a machine. Two machines A and B are available each costing Rs. 50,000. Earnings after taxation are expected to be as follows :

| Year | Machine A | Machine B |
|---|---|---|
| 1 | 15,000 | 5,000 |
| 2 | 20,000 | 15,000 |
| 3 | 25,000 | 20,000 |
| 4 | 15,000 | 30,000 |
| 5 | 10,000 | 20,000 |

You are required to indicate which of the machines would be profitable using :

(i) Payback Method

(ii) Return on investment method (15)

**OR**

A choice is to be made between two proposals which require an equal investment of Rs. 50,000 each and are expected to generate net cash flows as under :

| Year | Project A | Project B |
|---|---|---|
| 1 | 25,000 | 10,000 |
| 2 | 15,000 | 12,000 |
| 3 | 10,000 | 18,000 |
| 4 | Nil | 25,000 |
| 5 | 12,000 | 8,000 |
| 6 | 6,000 | 4,000 |

Which project should be chosen under :

(a) Payback period

(b) Average rate of return method ? (15)

एक कंपनी एक मशीन खरीदने का विचार कर रही है । दो मशीने A और B उपलब्ध हैं और प्रत्येक की कीमत 50,000 रु. है । कराधान के पश्चात आमदनियों के इस प्रकार होने की प्रत्याशा है :

| वर्ष | मशीन A | मशीन B |
|---|---|---|
| 1 | 15,000 | 5,000 |
| 2 | 20,000 | 15,000 |
| 3 | 25,000 | 20,000 |
| 4 | 15,000 | 30,000 |
| 5 | 10,000 | 20,000 |

आपको निम्नलिखित का प्रयोग करके बताना है कि कौनसी मशीन लेना लाभदायक होगी :

(i) पेबैक विधि

(ii) निवेश पर प्रतिफल विधि

अथवा

आपको दो प्रस्तावों में से चुनना है जिनके लिए प्रत्येक में 50,000 रु. के निवेश की ज़रूरत है और इनसे निम्न प्रकार निवल रोकड़ प्रवाह पैदा होने की संभावना है :

| वर्ष | परियोजना A | परियोजना B |
|---|---|---|
| 1 | 25,000 | 10,000 |
| 2 | 15,000 | 12,000 |
| 3 | 10,000 | 18,000 |
| 4 | शून्य | 25,000 |
| 5 | 12,000 | 8,000 |
| 6 | 6,000 | 4,000 |

निम्न स्थिति में किस परियोजना को चुनना चाहिए :

(क) पेबैक अवधि

(ख) प्रतिफल की औसत दर विधि

3. (a) Define "Leverage". What are the different types of leverages ? Explain them. (7)

(b) From the following information, calculate different types of leverages :

| | Rs. (In Lakhs) |
|---|---|
| Sales | 8000 |
| EBIT | 1950 |
| PBT | 950 |
| Tax Rate | 40% |

Variable cost is 70% of sales. (8)

OR

(a) Distinguish between Net Income Approach and Net Operating Income Approach of Capital Structure. (7)

(b) Companies U and L are identical in every respect except that U is unlevered and L has Rs. 20 lakhs of 8% debt. EBIT of both firms is Rs. 6 lakhs and tax rate is 35%. Equity capitalization rate for U is 10%.

Calculate the value of each firm using M-M approach and cost of equity for L Ltd. (8)

(क) "लीवरेज" की परिभाषा दीजिए। लीवरेज की विभिन्न किस्में कौनसी हैं ? उनकी व्याख्या कीजिए।

(ख) निम्नलिखित सूचनाओं से विभिन्न किस्म की लीवरेजों का परिकलन कीजिए :

| | रु. लाखों में |
|---|---|
| बिक्री | 8000 |
| EBIT | 1950 |
| PBT | 950 |
| कर की दर | 40% |

परिवर्ती लागत बिक्री की 70% है।

**अथवा**

(क) निवल आय उपागम और निवल प्रचालन आय उपागम पूँजी-संरचना में अंतर बताइए।

(ख) दो कंपनियाँ, U और L, हर तरह से समरूप हैं केवल इसे छोड़कर कि U अनलीवर्ड है और L पर 20 लाख का 8% पर ऋण है। दोनों फर्मों का EBIT 6 लाख रु. है और कर की दर 35% है। U की ईक्विटी पूँजीकरण दर 10% है।
M-M उपागम का प्रयोग करके प्रत्येक फर्म के मूल्य का और L लिमिटेड के लिए ईक्विटी की लागत का परिकलन कीजिए।

4. (a) Write a note on Gordon's approach to relevance of dividend decision. (5)

(b) ABC Ltd. is currently having 1,00,000 equity shares of the face value of Rs. 10 each. It is expected that company will have year end net profit of Rs. 5,00,000. Due to recessionary conditions, the company expects 10% return on its investment in future. The equity capitalization rate is 12%. Find out the market price per share according to Gordon Model under different payout ratios of 40%, 60% and 80%. (10)

**OR**

(a) Explain the Modigliani-Miller hypothesis of dividend irrelevance. (5)

(b) The earnings per share of ABC Ltd. is Rs. 10. The face value of its equity share is Rs. 100. Its rate of return on investment is 20%. Capitalization rate for its risk class is 15%. Using Walter's dividend model, find out :

(i) The optimum payout ratio.

(ii) The market price per share if the payout ratio is zero.

(iii) The market price at a payout of 60%. (10)

(क) लाभांश निर्णय की सार्थकता के गोर्डन-उपागम पर टिप्पणी लिखिए ।

(ख) ABC लिमिटेड के पास इस समय 10 रु. अंकित मूल्य वाले 1,00,000 ईक्विटी शेयर हैं । प्रत्याशा है कि कंपनी का वर्ष के अंत में लाभ 5,00,000 रु. का होगा । मंदी की अवस्थाओं के कारण कंपनी भविष्य में अपने निवेश पर 10% प्रतिफल की आशा करती है । ईक्विटी पूँजीकरण दर 12% है । 40%, 60% और 80% के भिन्न पेआउट अनुपातों के अंतर्गत गोर्डन मॉडल के अनुसार प्रतिशेयर बाज़ार मूल्य ज्ञात कीजिए ।

**अथवा**

(क) लाभांश की प्रासंगिकता के मोडिग्लियानी-मिलर परिकल्पना की व्याख्या कीजिए ।

(ख) ABC लिमिटेड का प्रति शेयर प्राप्ति 10 रु. है । इसके ईक्विटी शेयर का अंकित मूल्य 100 रु. है । निवेश पर इसकी प्रतिफल दर 20% है । इसकी जोखिम वर्ग के लिए पूँजीकरण दर 15% है । वाल्टर- लाभांश मॉडल का प्रयोग करके ज्ञात कीजिए :

(i) इष्टतम पेआउट अनुपात

(ii) प्रतिशेयर बाजार मूल्य राशि पेआउट अनुपात शून्य है

(iii) 60% पेआउट पर बाज़ार कीमत

5. Compute the working capital requirements from the following details :

Budgeted Sales : 30,000 units per annum

| | | Rs. |
|---|---|---|
| Raw Material cost per unit | | 8 |
| Direct Labour per unit | | 8 |
| Overhead per unit | | 2 |
| | Total cost per unit | 18 |
| Profit per unit | | 2 |
| Selling Price per unit | | 20 |

Additional Information :

(i) Debtors are allowed 8 weeks credit.

(ii) Suppliers provide 5 weeks credit.

(iii) Raw material will be carried in stock for 4 weeks and finished goods for 2 weeks.

(iv) Factory processing will take on an average 3 weeks.

Assume labour and overhead expenses to accrue evenly throughout the production cycle. (15)

**OR**

Write short notes on the following :

(i) Operating cycle method of working capital. (5)

(ii) Economic order Quantity. (5)

(iii) Evaluation of credit policy. (5)

निम्नलिखित विवरणों से कार्यशील पूँजी की आवश्यकताओं का अभिकलन कीजिए ।

बजटीय बिक्री : 30,000 यूनिट प्रति वर्ष

| | |
|---|---|
| प्रति यूनिट कच्चे माल की लागत | 8 रु. |
| प्रत्यक्ष श्रम प्रति यूनिट | 8 रु. |
| उपरिव्यय प्रति यूनिट | 2 रु. |
| कुल लागत प्रति यूनिट | 18 रु. |
| लाभ प्रति यूनिट | 2 रु. |
| विक्रय कीमत प्रति यूनिट | 20 रु. |

*अतिरिक्त सूचनाएँ* :

(i) देनदारों को 8 सप्ताह का क्रैडिट स्वीकृत है ।

(ii) सप्लायरों को 5 सप्ताह का क्रैडिट देते हैं ।

(iii) कच्चे माल को स्टॉक में 4 सप्ताह के लिए और तैयार माल को 2 सप्ताह के लिए रखा जाएगा ।

(iv) फैक्ट्री प्रक्रमण में औसतन 3 सप्ताह लगेंगे ।

मानकर चलें कि श्रम और उपरिव्यय खर्चे, संपूर्ण उत्पादन चक्र में समान रूप से होंगे ।

**अथवा**

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) कार्यशील पूँजी की प्रचालन चक्र विधि

(ii) आर्थिक आदेश मात्रा

(iii) क्रैडिट नीति का मूल्यांकन